महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता

संख्या- 87/2018/255 जी.आई./**33-3-2018-231/2017**

प्रेषक,

अनूप चन्द्र पाण्डेय,

मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-**3** लखनऊ: दिनांक: 02 नवम्बर, **2018**

विषय:- स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के अन्तर्गत **09** नवम्बर से **19** नवम्बर **2018** तक स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 19 नवम्बर 2018 को विश्व शौचालय दिवस है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को जन आंदोलन के रूप में लेते हुए विशेष रूप से सस्टेनिबिलिटी पर मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाना है। प्रदेश के जनपदों द्वारा वृहद स्तर पर जनपदों को खुले मे शौच मुक्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ जनसमुदाय के व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जा रही है।

भारत सरकार द्वारा 09 नवम्बर 2018 से 19 नवम्बर 2018 तक स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है। इस अवधि में जनपदों द्वारा जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति संवेदित करने हेतु सूचना, शिक्षा एवं संचार से संबंधित आई0ई0सी0 गतिविधियां कर सुरक्षित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु कम्पोस्ट पिट, डस्टबिन, बायोगैस आदि को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसमुदाय की सहभागिता हेतु ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि पर समुदाय बैठक, घर-घर सम्पर्क, स्वच्छता रैली, स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों, प्रधानों आदि को सम्मानित किया जाना। पंचायत घरों पर खुले मे शौच मुक्त भारत से संबंधित बोर्ड लगाया जाना, दो गढ्ढे वाला जलबन्द शौचालय के मॉडल को पंचायत घरों में प्रदर्शित किया जाना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु कम्पोस्ट

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पिट का निर्माण, नीले एवं हरे डस्टबिन के माध्यम से अपशिष्ट के पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक करना, बायो गैस इकाईयों की स्थापना आदि गतिविधियां की जायेंगी **(प्रारूप संलग्न)**

स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस के अन्तर्गत 10 दिवसों मे होने वाली गतिविधियों के साथ-साथ 19 नवम्बर 2018 को आयोजित होने वाले विशेष आयोजन से संबंधित सूचनाएं निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर भारत सरकार के वेबसाइट-(sbm.gov.in/wtd2018) पर पूरक अभिलेखों यथा-फोटो, वीडियो आदि के साथ अपलोड किये जायेंगे।

भारत सरकार द्वारा गठित कमेटी द्वारा समस्त प्राप्त आवेदनों के आधार पर उत्कृष्ट 10 जिलाधिकारियों के साथ साथ उत्कृष्ट 03 मिशन निदेशक/ सचिव का चयन किया जायेगा जिसकी घोषणा माह दिसम्बर 2018 में की जायेगी। इन उत्कृष्ट घोषित जिलाधिकारी/मिशन निदेशक/ सचिव को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा सम्मानित किये जाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड अम्बैसडर अक्षय कुमार की आगामी फिल्म की शूटिंग के समय उपस्थित होने एवं श्री अक्षय कुमार के साथ स्वच्छता संबंधी अभिनव प्रयोग एवं स्वच्छता को बढ़ाने संबंधी विषय पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त होगा।

अत: मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने जनपद में स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियां ससमय सम्पन्न कर निर्धारित प्रपत्र पर सूचना भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक:यथोक्त

भवदीय,

(अनूप चन्द्र पाण्डेय **)**
मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक**:-** तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0 शासन।

2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण),उ0प्र0।

3- निदेशक, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0।

4- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0।

6- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

आवेदन पत्र

स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस प्रतियोगिता 2018

दिनांक 09 नवम्बर से 19 नवम्बर 2018

दिनांक 09 नवम्बर से 19 नवम्बर 2018 तक आपके जनपद में स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस संबंधित गतिविधियां यथा-फोटो, वीडियो आदि के साथ निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराया जाना है:-

जिलाधिकारी का नाम एवं पदनाम:-
जनपद का नाम:-
जनपद की जनसंख्या:-
जनपद में खुले मे शौच मुक्त ग्रामों की संख्या:-
जनपद में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या:-
जनपद की खुले में शौच मुक्त की स्थिति:-हां/नही

क्रं.सं	लक्ष्य	सूचक
1	घर-घर बैठक कर स्वच्छता हेतु व्यवहार परिवर्तन करना	I.घर-घर सम्पर्क किये गये परिवारों की संख्या
2	ग्राम स्तरीय स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन	II.स्वच्छता रैली की संख्या III.स्वच्छता रैली में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों की संख्या IV.स्वच्छता रैली आयोजित करने वाले ग्रामों की संख्या
3	स्वच्छता संबंधी कार्यों में सहयोग करने वाले जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वच्छता चैम्पियन्स यथा-स्वच्छाग्रही, प्रधान आदि	V.सार्वजनिक आयोजनों में पुरस्कृत होने वाले स्वच्छता चैम्पियन्स की संख्या VI. इस हेतु आयोजित होने सार्वजनिक आयोजनो की संख्या
4	प्रत्येक पंचायत घर पर खुले में शौच मु्क्त भारत बोर्ड का लगाया जाना	VI. जनपद में ग्राम पंचायतों का प्रतिशत जिनमें पंचायत घर के

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

		बाहर बड़े खुले मे शौच मुक्त होने का बोर्ड लगाया गया है।
5	पंचायत घरों पर दो गढ्ढे वाले जलबन्द शौचालय का प्रमुखता से प्रदर्शन किया जाना	VI.जनपद में ग्राम पंचायतों का प्रतिशत जिनके पंचायत भवन में दो गढ्ढे वाले जलबन्द इज्जतघर का निर्माण एवं प्रदर्शन किया गया है।
6	घरेलू एवं बाजार हाट आदि से उत्पन्न अपशिष्ठ पदार्थों को संग्रहित करने एवं पृथक्कीकरण हेतु सावर्जनिक स्थलों एवं घरों में विशेष अभियान आयोजित किया जाना(जैसे-सड़को, गलियों, नालियों, बाजार हाट) सूखे एवं गीले अपशिष्ठ पदार्थों के पृथक्कीकरण के जागरूकता हेतु हरे एवं नीले डस्टबिन का वितरण एवं स्थापित किया जाना	आयोजित अभियानों की संख्या अभियान में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों की संख्या वितरित किये गये डस्टबिन की संख्या निर्मित किये गये कम्पोस्ट गढ्ढो की संख्या
7	गोबर धन योजना अन्तर्गत बायोगैस प्लान्ट स्थापित किया जाना	जनपद में अभियान के दौरान स्वीकृत बायोगैस प्लांटों की संख्या
8	विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर को जागरूकता हेतु संचालित किये जाने गतिविधियों का विवरण	संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं इन गतिविधियों में प्रतिभागीयों की संख्या का विस्तृत तथा बिन्दुवार विवरण
9	जनपदों में ओ0डी0एफ0 की गुणवत्ता एवं स्थायित्व के लिये अन्य नवाचार एवं प्रयोग	

मेरे जनपद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) अन्तर्गत स्वच्छ भारत विश्व शौचालय प्रतियोगिता 2018 की समस्त सूचनाएं पूर्ण रूप से सत्य एवं तथ्यात्मक रूप से सत्यापित है।

हस्ताक्षर
जिलाधिकारी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in